एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बरनाला
Eklavya Model Residential school Barnala
ग्राम:बरनाला,ब्लॉक-बामनवास (सवाई माधोपुर)Vill:Barnala,Block-Bamanwas(Sawai Madhopur)
पिन कोड - 322214 Pin Code- 322214
E-MAIL:barnala.school.tad@gmail.com Website: www.emrsbarnala.org.in
CBSE AFFILIATION No. 1720255 CBSE SCHOOL CODE-12232

F.A-1/EMRSB/TENDER/2026-27/ Date: 17/06/2026

## अतिथि शिक्षकों (Guest Teachers) हेतु मौखिक साक्षात्कार सूचना
## शैक्षणिक सत्र 2026-27

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बरनाला, जिला सवाई माधोपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान शैक्षणिक कार्यों के सुचारू संचालन हेतु राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति (NESTS), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं भर्ती नियमों के अनुसार निम्नलिखित विषयों में पूर्णतः अस्थायी, मानदेय आधारित एवं आवश्यकता आधारित आधार पर Guest Teachers के पैनल निर्माण हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस हेतु निम्नानुसार Walk-in Interview आयोजित किया जाएगा।

1. रिक्त पदों का विवरण

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | PGT Geography | 01 |
| 2. | PGT Economics | 01 |
| 3. | TGT English | 01 |
| 4. | TGT PET (Male) | 01 |
| | कुल | 04 |

2. साक्षात्कार का विवरण

- साक्षात्कार की तिथि : 27 जून, 2026 (शनिवार)
- रिपोर्टिंग समय : प्रातः 09:00 बजे
- साक्षात्कार का स्थान : एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बरनाला, बामनवास, जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

Scanned with OKEN Scanner

3. शैक्षणिक योग्यता एवं पात्रता

उक्त पदों हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य पात्रता शर्तें राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) द्वारा निर्धारित भर्ती नियमों एवं समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मान्य होंगी।

4. चयन प्रक्रिया

1. अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।
2. दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का मौखिक साक्षात्कार (Walk-in Interview) आयोजित किया जाएगा।
3. मौखिक साक्षात्कार के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा तथा चयनित अभ्यर्थियों का विषयवार पैनल तैयार किया जाएगा।
4. विद्यालय में आवश्यकता एवं रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की सेवाएं ली जाएंगी।
5. पैनल में सम्मिलित होने अथवा चयनित होने मात्र से नियमित नियुक्ति अथवा स्थायीकरण का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
6. विद्यालय प्रशासन का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा तथा इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

5. मानदेय

अतिथि शिक्षकों को देय मानदेय राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं प्रचलित नियमों के अनुसार देय होगा।

6. अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दस्तावेज

साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी निम्नलिखित मूल प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों के साथ उनकी स्वप्रमाणित (Self Attested) छायाप्रतियों का एक पूर्ण सेट तथा नवीनतम पासपोर्ट आकार के दो रंगीन फोटोग्राफ निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। मूल दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

अभ्यर्थी निम्नलिखित दस्तावेज साथ लाना सुनिश्चित करें :-

1. विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र।
2. नवीनतम पासपोर्ट आकार के दो रंगीन फोटोग्राफ।
3. आधार कार्ड।
4. जन्म तिथि प्रमाण-पत्र।
5. कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिकाएं एवं प्रमाण-पत्र।

Scanned with OKEN Scanner

6. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक योग्यता (B.Ed./B.P.Ed./समकक्ष) संबंधी अंकतालिकाएं एवं प्रमाण-पत्र।
7. CTET अथवा अन्य आवश्यक पात्रता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।
8. अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि कोई हो)।
9. अनुभव प्रमाण पत्र के 5 अंक जो पूर्ण वर्ष अर्थात 12 महीने पूर्ण होने पर (CALENDER MONTH) पूर्ण होने पर एक अंक प्रदान किया जायेगा तथा अधिकतम 5 अंक प्रदान किये जायेगे | अनुभव प्रमाण पत्र टुकड़ों में होने पर महीनों को जोड़कर आकलन किया जायेगा |
10. जाति प्रमाण-पत्र, EWS प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।
11. अन्य आवश्यक दस्तावेज।

नोट :- मूल दस्तावेज अथवा उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।किसी भी दस्तावेज की मूल प्रति होने पर छायाप्रति मान्य होगी |

7. महत्वपूर्ण निर्देश

1. नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी, मानदेय आधारित एवं आवश्यकता आधारित होगी।
2. चयनित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की नियमित नियुक्ति अथवा स्थायीकरण का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
3. पैनल में सम्मिलित होने मात्र से नियुक्ति का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
4. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता (TA) अथवा दैनिक भत्ता (DA) देय नहीं होगा।
5. अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी अथवा दस्तावेज असत्य पाए जाने पर उनकी अभ्यर्थिता किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है।
6. विद्यालय प्रशासन द्वारा बिना कोई कारण बताए रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी करने, चयन प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. चयन प्रक्रिया के संबंध में विद्यालय प्रशासन का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
8. किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।
9. अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
10. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र सवाई माधोपुर होगा |

Scanned with OKEN Scanner

महत्वपूर्ण सूचना

यह विज्ञापन केवल Guest Teachers के विषयवार पैनल निर्माण हेतु जारी किया जा रहा है। चयनित अभ्यर्थियों की सेवाएं विद्यालय की आवश्यकता एवं रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार ली जाएंगी। पैनल में सम्मिलित होने अथवा चयनित होने मात्र से किसी भी अभ्यर्थी को नियमित अथवा स्थायी नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

नोट:-

1. उक्त नियुक्ति नियमित अध्यापक के आने या सत्र की समाप्ति तक जो भी पहले हो तक होगी ।
2. " The engagement is purely on adhoc basis, and the guest staff shall not claim any right to regularization of their services on account of this engagement."

17/06/2026

प्राचार्य

EMRS BARNALA

प्राचार्य/Principal
ई एम आर एस/EMRS
बरनाला/BARNALA

Scanned with OKEN Scanner